Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to approve survey report of railway line project from Rangiya to Dekar gaon and also provide railway connectivity to Darrang district in Assam.

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।…(व्यवधान)

मैं एक महत्वपूर्ण लोक महत्व के विषय को आपके सामने रखना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र में दरंग जिला अभी भी रेल मानचित्र में नहीं है। मैं इस विषय को पहले दो बार सदन में उठा चुका हूँ। मैंने 26 जुलाई, 2019 को अपने संसदीय क्षेत्र मंगलदोई में रेल लाइन के निर्माण के संबंध में माननीय रेल मंत्री जी से प्रश्न पूछा था, जिसके उत्तर में माननीय मंत्री जी ने बताया था कि इस रेल लाइन के लिए वर्ष 2016-17 में सर्वे का काम स्वीकृत किया गया था।

इस सर्वे का कार्य भी पूर्ण हो चुका है, लेकिन सर्वे की रिपोर्ट का निरीक्षण कर उसे अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण रंगिया से डेकरगांव वाया बेजेरा, डुमनीचौकी, सीपाझार, मंगलदोई, खारुपेटिया, दलगांव और ओरंग लगभग 140 किलोमीटर की रेल लाइन निर्माण का कार्य लंबित पड़ा हुआ है।

सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मंगलदोई के दरंग जिले में कोई भी रेलवे स्टेशन नहीं है। दरंग जिले से सटे हुए बक्सा जिले में गोरेश्वर रेलवे स्टेशन स्थित है, जिसके कारण क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि रंगिया से डेकरगांव रेलवे लाइन के सर्वे की रिपोर्ट को जल्द से जल्द स्वीकृत कर के रेल लाइन के निर्माण कार्य हेतु डीपीआर और फंड आवंटन को आने वाले रेल बजट, 2022 में शामिल किया जाए और एक निश्चित समय सीमा में

यह कार्य पूर्ण हो सके, इसके लिए किसी की जवाबदेही तय की जाए, जिससे यह कार्य तय समय सीमा में शुरू किया जा सके।

सभापति महोदय, मैं आजादी के इस 'अमृत महोत्सव' वर्ष में माननीय रेल मंत्री जी से फिर से एक बार गुज़ारिश करना चाहता हूं कि मेरे दरंग जिले को रेल मानचित्र में शामिल कर के दरंगवासियों को सुविधा मुहैया कराई जाए। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।